महत्वपूर्ण एवं खास

अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

रायपुर (आरएनएस)। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार टाटीबंध निवासी प्रार्थिया मंजीत कौर 44 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलयू 1500 को रावणभाठा के मेला मैदान में खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम रायता निवासी चित्रकुमार ढीढी 41 वर्ष ने विधानसभा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केएफ 1022 को ग्राम बाराडेरा में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह तीसरे मामले में ज्वाला प्रसाद पटेल 54 वर्ष ने मंदिरहसौद थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केडी 3587 को मंदिरहसौद के शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

रायपुर (आरएनएस)। ग्राम भोतीडीह में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। वहीं उसके नाती को चोट आई है। मामले में गोबरानवापारा पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम टीला निवासी मृतिका दुकलहीन बाई टंडन 54 वर्ष अपने नाति रूपेश टंडन के साथ बाइक में सवार होकर कहीं जा रही थी, तभी ग्राम भोतीडीह के पास ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एमडी 3816 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। महिला की मौत हो गई। वहीं उसका नाति घायल हो गया। मामले में गोबरानवापारा पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शराब तस्करी करते तीन युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। आरंग पुलिस ने तीन एक्टिवा सवार युवकों से 720 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने ग्राम लखौली में दबिश देकर तीन अलग-अलग एक्टिवा वाहन में सवार आरोपी लखन गोड़ 20 वर्ष, जीवन चेलक 23 वर्ष व नेमन दास बंजारे 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन तीनों के पास से कुल 720 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरकंडा में बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला, पुलिस जांच में जुटी

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के सरकंडा थाना क्षेत्र स्थित ईरानी मोहल्ले में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। महिला अर्धनग्न अवस्था में, खून से सनी हालत में अपने घर के बाहर पाई गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में महिला को रायपुर स्थित एम्स अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच में दुष्कर्म के बाद हत्या के प्रयास की आशंका जताई जा रही है। घटना स्थल से खून से सना हुआ एक पत्थर भी बरामद किया गया है, जिससे हमले की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा रहा है। पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया है, और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस बीच, स्थानीय लोग सरकंडा पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगा रहे हैं, और कार्रवाई में देरी की बात कह रहे हैं। उनका कहना है कि पुलिस ने पहले मामले को गंभीरता से नहीं लिया, जिसके कारण आरोपियों को पकडऩे में देर हुई। पुलिस अब इस मामले में तेजी से कार्रवाई करने का दावा कर रही है।

कलाश्री स्व-सहायता समूह दीदीयां अनुपयोगी समान से बना रही आकर्षक सजाने की सामग्री

❒ हाथों में कला का जादू ऐसा की महिलाओं को झारखंड एवं अन्य राज्य से भी आर्डर मिलता है

जशपुर | आरएनएस

भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली एवं छ0ग0 शासन के संयुक्त कार्यक्रम डे-एनयूएलएम योजना एवं मिशन क्लीन सिटी योजना के अभिसरण के तहत् कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन और मुख्य नगरपालिका अधिकारी, योगेश्वर उपाध्याय के दिशा निर्देश में नगर पालिका परिषद् क्षेत्रांतर्गत डॉ. बाला साहेब देशपाण्डे पार्क जशपुरनगर में डे-एनयूएलएम योजना अंतर्गत कला स्व-सहायता का गठन किया गया। यह समूह शहर को कचरामुक्त करने एवं लोगों को जागरूक करने में जुटा हुआ है। समुदाय के साथ मिलकर किस तरह से सूखा कचरा को रियूज और रिसाईकल करके उपयोगी सामग्री तैयार करते है। शहर में बाला साहेब देशपाण्डे पार्क में सौन्दर्गीकरण का कार्य करने का स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पार्क में वेस्ट से बेस्ट की विभिन्न आकृतियों व मॉडल्स तैयार किये गये है। इससे समूह को अच्छी आमदनी भी अवसर मिला, जिसके तहत् समूह सदस्यो ने मिलकर कार एवं स्कूटी के 150 नग पुराने टायरों से विन्निन आकृति जैसे मछली, सांप, कमल, कुर्सी-टेबल एवं पानी के बड़े जार से मधुमक्खी, ऊल्लू, चिडिय़ा तथा अनुपयोगी प्लास्टिक व कॉच के बॉटलों से सेल्फी जोन, फूल, सूरज, टेबल छतरी इत्यादि बनाया गया। समूह की महिलाओं द्वारा मिल कर वेस्ट बॉटल को रियूज करके पेन होल्डर, प्लान्टर, हँगिंग लैम्प, ड्रीम कैचर, फ्लावर पोट, वेस्ट कपड़े से डोरमेट, बैग, थैला, ज्वैलरी इत्यादि अनेको वस्तुएँ हमारे समूह द्वारा तैयार की जाती है।

शहर के आवासीय घरो एवं डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में एकत्र अनुपयोगी सामग्री जैसे- खाली बॉटल, ड्रम, पुराने पाईप, ढक्कन, पानी का जार व बीयर बॉटल से आर्कषक मॉडल्स तैयार किये गये है। स्व-सहायता समूह में कुल 14 सदस्य है, समूह का बैंक खाता भारतीय स्टेट बैंक, जशपुरनगर में है, जिसमे सभी सदस्य 200रू. प्रतिमाह मासिक बचत जमा कर समूह का सफल संचालन कर रही है। सुलोचना सिंह समूह की अध्यक्ष ने यह बताया कि अनुपयोगी सामग्री से उपयोगी सामग्री तैयार करने की रूची मेरा बचपन से ही शौक था। शहर में कल्याण आश्रम, गढ़ कलेवा व सेहत कैफे में अनेकों वस्तुएँ बनाई गई है। हो रही है दीदीयों ने अब तक लगभग 3 लाख तक की आमदनी प्राप्त कर ली है।

इस प्रकार के उपयोगी सामग्री की मांग छ0ग0 के अन्य जिलों अथवा सीमावर्ती राज्य झारखण्ड से आर्डर मिल रहे है। समूह की महिलाओं द्वारा मिलकर उपरोक्त सामग्री तैयार करके समय पर पूरा करने का कार्य कर रही है। शासन की उक्त योजना से जुडक़र हम सभी समूह की महिलाएँ शहर को सूखा कचरा मुक्त करने के साथ ही शहर का सौन्दर्गीकरण में अपना योगदान देने के साथ ही अपना पहचान बनाने की शुरूआत निरंतर जारी है। इस काम से स्व-सहायता समूह को अच्छा लाभ मिल रहा है।

फ्लोरा मैक्स कम्पनी के माध्यम से महिलाओं से हुए ठगी के सम्बंध में की जा रही निरंतर कार्यवाही

❒ -एचडीएफ सी बैंक के प्रबंधक, कर्मचारी व संतोषी साहू एवं फिन केयर माइक्रो फाइनेंस बैंक कटघोरा के प्रबंधक व राधिका कैवर्त पर किया गया अपराध दर्ज

❒ योजनाबद्ध तरीके से षडयंत्र कर रकम की ठगी करने के सम्बंध में किया गया प्रकरण पंजीबद्ध

कोरबा | आरएनएस

फ्लोरा मैक्स कम्पनी के माध्यम से महिलाओं से हुए ठगी के सम्बंध में पुलिस विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आजथाना कोतवाली द्वारा एचडीएफसी बैंक के प्रबंधक, कर्मचारी व संतोषी साहू एवं फिन केयर माइक्रो फाइनेंस बैंक कटघोरा के प्रबंधक व राधिका कैवर्त एवं अन्य के विरुद्ध योजनाबद्ध तरीके से षडयंत्र कर रकम की ठगी करने के आरोप में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक महिला आवेदक द्वारा थाना कोतवाली में उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश कर प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराई कि राधिका कैवर्त एवं फिन केयर माइक्रो फाइनेंस बैंक कटघोरा के बैंक प्रबंधक द्वारा मिलकर योजनाबद्ध तरीके से फ्लोरा मैक्स कंपनी के टॉप टेन लीडर सरोजनी चंद्रा के अंदर लीडर राधिका कैवर्त व फिन केयर बैंक के प्रबंधक के द्वारा सांठगांठ कर आपस में षडयंत्र कर बिना दस्तावेज को जांच किये 3 हजार रूपए कमीशन लेकर लोन दिलाया गया हैं। राधिका कैवर्त एवं फिन केयर बैंक प्रबंधकों द्वारा मुझे अधिक लाभ का प्रलोभन देकर प्रार्थी सेलोन दिलाकर 40 हजार रूपए की ठगी किये हैं।

प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 34/2025 धारा 318(4), 61(1) (ए) बीएनएस का आरोपी फिन केयर माईको फायनेंस बैंक कटघोरा के बैंक प्रबंधक, राधिका कैवर्त निवासी मुड़ापार चैकी मानिकपुर जिला कोरबा के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा इसी प्रकार प्रार्थिया सवित्री पति मानसिंह सेद्राम निवासी बांधापारा लेपरा थाना बांगो द्वारा भी आज थाना में उपस्थित होकर एक लिखित आवेदन पत्र कर प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराई कि एचडीएफसी बैंक कर्मचारी व प्रबंधक, संतोषी साहू सेमीपाली थाना उरगा निवासी द्वारा मिल कर योजनाबद्ध तरीके से षडय़त्र रच कर 10-15 महिलाओं को इक_ा करने को ये लोग एक राय होकर बोले, तब प्रार्थिया अपने जेठानी चंद्रकला के निवास में बैठ कर फ्लोरा मैक्स कंपनी के पाम्पलेट और सामानों के विषय में अवगत कराई तथा 30-30 हजार रूपये इक_ा करो जिसके एवज में 40 हजार रूपये का सामान मिलेगा और महिलाओं को लोन एचडीएफसी बैंक से दिलाई तथा उक्त पैसे को निकाल कर सभी महिलाएं 30-30 हजार रूपये फ्लोरा मैक्स कंपनी में जमा कर रसीद ली, इस प्रकार एचडीएफसी बैंक का लखन निषाद एवं संतोषी साहू के साथ मिल कर सांठगांठ कर षडयंत्र कर लोगों को 30-30 हजार रूपये का लोन दिला कर धोखाधड़ी किया गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 35/2025 धारा 318(4), 61(1) (ए) बीएनएस का आरोपी एचडीएफसी बैंक कर्मचारी लखन निषाद व प्रबंधक संतोषी साहू एवं अन्य के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

स्थानीय लोगों ने दिया मानवता का परिचय, घायल को तत्काल पहुंचाया अस्पताल, बची जान

बलरामपुर | आरएनएस

बलरामपुर रामानुजगंज आज सुबह 8:30 बजे के करीब रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 1 में स्थित पेट्रोल पंप रोड में नित्यांश ट्रेडर्स के सामने युवक बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल युवक को 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचाया जिस समय पर उसे चिकित्सीय सेवा मिल सकी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह 8:30 बजे के करीब नित्यांश ट्रेडर्स के सामने एक्सिस बैंक में काम करने वाले उमेश सिंह उम्र 35 वर्ष बाइक से बैंक जा रहा था। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे उमेश के सिर में गंभीर चोट लगा इसी दौरान अपने घर जा रहे हैं नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी अजय गुप्ता एवं संतोष गुप्ता की नजर पड़ी तो तत्काल उन्होंने उमेश को सडक़ के किनारे किया वहीं साई बाबा पब्लिक स्कूल के के भाई रूपेश गुप्ता अपने चार चक्का वाहन से बच्चों को लेने जा रहे थे उन्होंने अपने वाहन को रोक कर चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शंभू गुप्ता के सहयोग से 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचाया जहां उसका समय पर चिकित्सा मिल सकी। जब इस प्रकार की घटना होती है तो लोग भीड़ जरूर लगा देते हैं एवं एंबुलेंस का इंतजार करने लगते है। एंबुलेंस के इंतजार में काफी देर भी हो जाता है।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत आवेदन 14 फरवरी तक आमंत्रित

जशपुर (आरएनएस)। अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावना छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने, नई सोच के साथ बेहतर कैरियर चयन का अवसर प्रदान करते हुए प्रतिस्पर्धी बनाने तथा बहुमुखी व्यक्तित्व विकास के लिए अवसर प्रदान कराने के लिए आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (यथा संशोधित 2021) लागू किया गया है। इसके अन्तर्गत छ.ग. राज्य के चयनित उत्कृष्ट निजी आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश कराया जाता है तथा कक्षा 12वीं तक शाला का सम्पूर्ण शुल्क विभाग द्वारा वहन किया जाता है

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थी पं.जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अन्तर्गत वे विद्यार्थी जो छ.ग. के मूल निवासी हो, छ.ग. राज्य के मान्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो, तथा मान्यता प्राप्त शाला में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत, जो कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो, तथा जिसके पालक की समस्त स्त्रोतों से आय 2.50 लाख से अधिक न हो एवं ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालय में अध्ययनरत हो वही विद्यार्थी पात्र होंगे।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थी उत्कर्ष योजना शैक्षणिक सतर् 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु दिनाँक 23.03.2025 (दिन रविवार) को समय 12:00 बजे से 02:00 बजे तक जिला मुख्यालय में परीक्षा का आयोजन किया जाना है।

पत्थलगांव नगर के विकास के लिए विधायक की अध्यक्षता में जशपुर फोरम की बैठक का हुआ आयोजन

❒ पत्थलगांव चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आईसीयू का किया जाएगा विकास

जशपुर | आरएनएस

पत्थलगांव के समग्र विकास के लिए गुरुवार को जनपद पंचायत पत्थलगांव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जशपुर फोरम की बैठक का आयोजन पत्थलगांव विधायक गोमती साय एवं कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में विधायक ने कहा कि नगर पंचायत के समुचित विकास के लिए जशपुर फोरम की एक सकारात्मक पहल जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। इसके द्वारा नगर के विकास एवं विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए योजना का निर्माण किया जाना है। इसमें सभी की सहभागिता से नगर विकास सुनिश्चित किया जाना है।

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि नगर के विकास हेतु अधोसंरचना विकास एवं समस्याओं के निदान के लिए एक मंच पर आकर सभी की सहभागिता से विकास किया जाना है। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना है।

बैठक में नगर की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नगरवासियों एवं व्यापारियों से चर्चा की गई। जिस पर पत्थलगांव चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गहन चिकित्सा ईकाई (आईसीयू) की उत्तम व्यवस्था के लिए नवनिर्माण द्वारा अधोसंरचना विकास का जिम्मा उठाया। जिसकी सभी ने प्रशंसा की। कलेक्टर ने नगर के व्यवसायियों एवं नागरिकों को अस्पताल के विकास में सहयोग के लिए आमंत्रित किया। व्यवसायियों द्वारा प्रतिदिन मरीजों के परिजनों के लिए भोजन उपलब्ध कराने पर भी अपनी सहमति दी। इसके साथ ही उन्होंने आपातकालीन व्यवस्था में लगे चिकित्सकों को पूरे समय उपस्थित रहने तथा उनका ड्यूटी रोस्टर स्वास्थ्य केंद्र के सार्वजनिक स्थान पर लगाने को कहा। उन्होंने आपातकालीन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु एसडीएम एवं तहसीलदार को निरन्तर निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र में उचित संख्या में विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

सूरजपुर का महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है रकसगंडा वॉटरफॉल

❒ पत्थरों के बीच कलकल कर बहती जलधारा निर्मित करती है मनोरम दृश्य

सूरजपुर | आरएनएस

नए साल हो या कोई त्यौहार का समय पर्यटन और धार्मिक स्थलों में लोग छुट्टियां बिताने अवश्य पहुंचते हैं। सूरजपुर जिले में ऐसा ही एक मनोरम दृश्यों से घिरा पर्यटन स्थल है रकसगंडा वॉटरफॉल जो जिला मुख्यालय सूरजपुर से 120 किलोमीटर दूर ओडगी विकासखंड में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के सीमा पर नवगई गांव में रेण नदी पर स्थित है। इस रकसगंडा वाटरफॉल की ऊंचाई लगभग 50 फीट है। यहां से गिरती जलधारा खूबसूरत मनमोहक दृश्य निर्मित करती है जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

इस जलप्रपात क्षेत्र की खासियत है कि यहां बड़ी संख्या में विभिन्न संरचनाओ में पत्थरों का समूह विद्यमान है। यहां आकर इन पत्थरों के मध्य से होती हुए कलकल करती निरंतर प्रवाहित जलधारा की खूबसूरती को देखा जा सकता है। घने वनों के मध्य प्राकृतिक सुंदरता से ओतप्रोत यह वॉटरफॉल मन को शांति प्रदान करता है। यहां की खूबसूरती लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करती है, जिससे लोग त्यौहार हो या छुट्टियों का समय यहां भीड़ उमडऩी शुरू हो जाती है। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच यहां लोग अपने जीवन का खुशनुमा पल व्यतीत करने दूर दूर से पहुंचते हैं। ठंड का मौसम हो या छुट्टियों का समय यह पिकनिक मनाने के लिए पर्यटकों की खास पसंद होती है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री ने जिले का पहला महिला थाना का किया शुभारंभ

❒ महिलाओं के प्रति अपराधों पर रोकथाम और त्वरित समाधान का केंद्र बने नया महिला थाना- उपमुख्यमंत्री

कवर्धा | आरएनएस

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज गुरुवार को जिले के प्रथम महिला थाना का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के विशेष पहल से कवर्धा में महिला थाना की शुरुआत की गई। यह थाना जिले का पहला महिला थाना होगा, जो न केवल महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम में सहायक होगा, बल्कि उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान भी सुनिश्चित करेगा। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने थाना का शुभारंभ करने के बाद उप निरीक्षक शांता लकड़ा को थाना प्रभारी का विधिवत पदभार ग्रहण कराया और रोजनामचा में अपना नाम दर्ज कराया। इस थाने में थाना प्रभारी सहित 23 बलो की पदस्थापना की गई है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि यह महिला थाना महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। महिला थाना से जिले की महिलाओं को एक सुरक्षित और नि:संदेह स्थान मिलेगा, जहां वे अपने विवादों को सुलझाने के लिए आगे आ सकती हैं। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में महिला थाना खोला जाएगा। इसके तहत प्रदेश के पहले चरण में 5 जिला जशपुर, रायगढ़, कवर्धा, राजनांदगांव और जगदलपुर में महिला थाना की स्वीकृति दी गई है। आज कवर्धा में महिला थाना का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि इस महिला थाना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एक सुरक्षित स्थान मिल सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मन में विश्वास और ताकत होना चाहिए ताकि वे किसी भी समय, चाहे दिन हो या रात, बिना किसी डर के बाहर जा सकें। यह स्थिति बनाना और इस प्रकार का माहौल निर्मित करना भी मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कार्यक्रम के बाद महिला थाना भवन परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौध रोपण किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि अपराध के किसी भी प्रकार के बिंदु पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार की स्पष्ट मंशा का जिक्र करते हुए कहा कि नशे की सामग्री बेचने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी गांव में नशे की सामग्री का परिवहन या बिक्री नहीं होनी चाहिए और इस कार्य को गंभीरता से, बिना किसी दबाव के, पूरी ताकत के साथ किया जाए।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी निर्देशित किया कि पुलिस अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 'विलेज क्राइम रजिस्टर' को मेंटेन किया जाए और हर महीने इसका पुनरीक्षण किया जाए ताकि किसी भी अपराध या अवैध गतिविधि को तुरंत पकडऩे में मदद मिल सके।